जोधपुर सेंट्रल जेल में थम नहीं रहा मोबाइल का दुरुपयोग

जेल से बंदी ने ऑनलाइन पेमेंट कर मंगाया था 26 क्विंटल डोडा पोस्त!

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

11.11.2022

जोधपुर . जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद एक बंदी मोबाइल के जरिए डोडा चूरा की तस्करी कर रहा था। मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले की पुलिस ने ट्रक से 130 बोरों से 26 क्विंटल डोडा चूरा जब्त किया था। वह बंदी के इशारे पर आ रहा था। बंदी ने जेल से ही मोबाइल के मार्फत मादक पदार्थ का भुगतान किया था।

सूत्रों के अनुसार दलौदा थाना पुलिस ने गत 7 नवम्बर को उज्जैन की तरफ जा रहे ट्रक से 130 बोरों में 26 क्विंटल डोडा चूरा जब्त किया था। उदयपुर जिले में खोखरवास गांव निवासी ट्रक चालक मोतीलाल अहीर (34) को गिरफ्तार किया गया था। उससे पूछताछ में सामने आया कि जोधपुर जेल में बंद अब्दुल पुत्र बाबू खां बिल्लोद उससे फोन पर सम्पर्क कर रहा था। डोडा चूरा की सप्लाई होने के बाद बंदी उसे और राशि देने वाला था।

महिला जेल में मिले थे मोबाइल व सिम

गत 28 अक्टूबर को जेल के महिला बंदी गृह की तलाशी में तीन महिला बंदियों के पास चार मोबाइल, सिम व चार्जर जब्त किए गए थे। मोबाइल जेल में लाने के पीछे भूमिका सामने आने पर महिला जेल प्रहरी को निलम्बित कर दिया गया था। वहीं, तलाशी के दौरान हीटर स्प्रिंग जब्त होने के मामले में आरएसी के प्लाटून कमाण्डर के खिलाफ मामला दर्जकर गिरफ्तार किया जा चुका है।

मिलीभगत का अंदेशा

जेल में बंदियों द्वारा मोबाइल का उपयोग गैर कानूनी है। पिछले दिनों जेल में बंदी के शरीर से मोबाइल व हीटर स्प्रिंग जब्त की जा चुकी है।

बंदी जोधपुर जेल में बंद हो सकता है, लेकिन उसके एनडीपीएस एक्ट में लिप्त होने के संबंध में फिलहाल जानकारी नहीं है।

राजपालसिंह, जेल अधीक्षक, जोधपुर सेंट्रल जेल

ट्रेंडिंग न्यूज

सुप्रीम कोर्ट

रामसेतु पर केंद्र से मांगा हलफनामा

नई दिल्ली@ पत्रिका. रामसेतु को ऐतिहासिक स्मारक के रूप में मान्यता देने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को चार हफ्ते में हलफनामा दाखिल करने को कहा है। याचिकाकर्ता